खुर्जा (सचिन पाण्डेय)। एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को ग्राम किला में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मोनिका सिंह, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान अमरजीत सिंह, प्राचार्या प्रो. डिंपल विज और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिक्षित नारी दो घरों का गौरव उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख मोनिका सिंह ने कहा कि एक शिक्षित बेटी केवल अपना भविष्य ही नहीं संवारती, बल्कि वह दो परिवारों का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं का आ'ान किया कि वे अनुशासन में रहकर सेवा कार्यों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुँचाएँ। प्राचार्या प्रो. डिंपल विज ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस शिविर का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करना और उनकी समस्याओं में उनका सारथी बनना है। उन्होंने छात्राओं को गांव की महिलाओं की कौशल विकास की इच्छाओं को पूरा करने में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। सर्वेक्षण रिपोर्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शिविर के प्रथम दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सिंह ने किला गांव की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर एक विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में गांव की महिलाओं के राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था व महिला पेंशन और महिला मतदाताओं की वर्तमान स्थिति के आंकड़े साझा किए गए। इससे पूर्व, स्वयंसेविकाओं और गांव की बच्चियों ने 'लक्ष्य गीत' के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। छात्राओं ने लघु नाटिका और गीतों के माध्यम से महिला






सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया, जिसे उपस्थित ग्रामीणों ने खूब सराहा। महिला कल्याण पर केंद्रित रहेगा शिविर सात दिनों तक चलने वाले इस विशेष शिविर में महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन मुख्य विषय रहेंगे। प्रतिदिन विशेषज्ञों द्वारा विशेष व्याख्यान और जागरूकता कार्यक्रमों आयोजन किया जाएगा। इ अवसर पर प्रो. रेखा चौध किशन प्रधान सहित बडी संख में ग्रामीण महिलाएं और कॉले स्टाफ उपस्थित रहा। अंत पुनः लक्ष्य गीत के साथ प्रथ दिवस की गतिविधियों समापन हुआ।

51

# द्वितीय दिवस

19/2/2026

दिनांक 19/ 2 / 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस महिला सशक्तिकरण और कानून जागरूकता अभियान कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता सिंह के निर्देशन में चलाया गया। सर्वप्रथम दैनिक कार्यों जैसे स्वच्छता, रंगोली, रैली के बाद श्रमदान किया गया। स्वयंसेविका के दो समूहों ने प्राथमिक विद्यालय में जाकर विभिन्न कक्षाओं में अध्यापन कार्य किया। द्वितीय सत्र में नेहरू युवा केंद्र के जिला डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश दीक्षित शिविर में पहुंचे। उन्होंने भारत सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से स्वयंसेविकाओं को परिचित कराया। माय भारत पोर्टल के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की सहयोगिता के लिए प्रेरित किया। भोजन के उपरांत तृतीय सत्र में महिला और कानून विषय पर संगोष्ठी की गई। मुख्य वक्ता के रूप में एनआरईसी कॉलेज प्रोफेसर वैशाली गुप्ता ( लॉ डिपामेंट ) द्वारा महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के सशक्त होने में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, निर्णय जैसे आयाम समाहित है। जिसमें महिला शिक्षा किसी भी समाज के लिए विकास का सशक्त मार्ग है। मातृशक्ति ही सृष्टि की सृजन हर है अतः उसे अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्या जी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अपनी रुचि के अनुसार छोटे-छोटे रोजगारों को भी अपनाना चाहिए ताकि वे स्वावलंबी नहीं बन सके। संगोष्ठी के बाद सभी स्वयं सेविकाओं तथा गांव के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल खेल इस अवसर पर सभी ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहे। आगामी योजना के पश्चात द्वितीय दिवस का समापन किया गया।


Work is Worship
GPS Map Camera
Loading...
Thursday, 19/02/2026 10:48 AM GMT
+05:30
Google


GPS Map Camera
Loading...
Thursday, 19/02/2026 12:14 PM GMT


GPS Map Camera
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.23577° Long 77.854469°
20/02/26 10:49 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera

की इरम तृतीय स्थान पर रही। सान्त्वना पुरस्कार तनु ...

## हिमशिखा व खुशबू ने बनाई आकर्षक रंगोली

खुर्जा। एकेपी पीजी कालिज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में शुक्रवार को सेवा और जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सिंह ने बताया कि गांव किला में सात दिवसीय शिविर चल रहा है। शुक्रवार को शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ लक्ष्य गीत और आह्वान गीत के साथ किया गया। साथ ही शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद स्वयंसेविका हिमशिखा व खुशबू ने आकर्षक रंगोली बनाई। वहीं, छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर बच्चों को शिक्षण कार्य कराया। संवाद



**राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में महिला और कानून विषय प...**

खुर्जा। ।भारत पुष्प। गुरूवार को ...

bharatpushp.com

**राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में महिला और कानून विषय पर संगोष्ठी**

https://bharatpushp.com/archives/6595

**Like, Share & Subscribe**

20/2/26 दैनिक जागरण (सिटी/बुलंदशहर) Page-No. 7

## बेटियां शिक्षित होंगी, तभी समाज बनेगा सशक्त

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा: एकेपी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को महिला सशक्तिकरण और कानूनी जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता सिंह के निर्देशन में स्वयं-सेविकाओं ने श्रमदान के साथ-साथ समाज को जागरूक करने का कार्य किया। इस दौरान स्वच्छता अभियान, रंगोली और जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। स्वयं-सेविकाएं दो समूहों में किला गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने विभिन्न कक्षाओं के छात्रों को पढ़ाया और शिक्षा के महत्व को समझाया। शिविर के द्वितीय सत्र में नेहरू युवा केंद्र के आकाश दीक्षित मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने भारत सरकार की युवाओं के लिए लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। तीसरे सत्र में महिला और कानून विषय पर गोष्ठी हुई, जिसमें एनआरईसी कालेज की प्रोफेसर वैशाली गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

तृतीय दिवस
20/2/2026

दिनांक 20 /2/26 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के विशेष शिविर के तृतीय दिवस मे सभी स्वयंसेविकाओं ने सिविल स्थल पर पहुंचकर साफ सफाई की। तत्पश्चात लक्ष्य गीत ,आवाहन गीत तथा स्वयंसेविका हिमशिखा एवं खुशबू के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विषय पर रंगोली बनाने के साथ ही शिविर का शुभारंभ हुआ कुछ छात्राओं ने भोजन की व्यवस्था की । सेविकाओं द्वारा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण कार्य भी किया गया। तृतीय सत्र में जिला बुलंदशहर वन स्टॉप सेंटर से महिला कल्याण विभाग की रूबी सिरोही ,नेहा सोलंकी( काउंसलर) गीतांजलि (जेंडर स्पेशलिस्ट) एवं पिंकी बढ़ाना का महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान हुआ। जिसमें रूबी सिरोही ने छात्राओं को प्रेरित किया कि उनका अपनी समस्याओं का निदान करने के लिए स्वयं आगे आना होगा। इसके लिए वन स्टॉप सेंटर हमेशा उनके साथ है। यदि कोई अनहोनी किसी बालिका के साथ होती है तो सेंटर पर उसकी काउंसलिंग की जाती है। तथा समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणवासियों और स्वयंसेविकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई ।और सभी से अपील की यदि कहीं ऐसा होते देखते हैं, तो उसकी तत्काल सूचना केन्द्र दें।उन्होंने विधवा महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल विकास योजना, सुमंगला कन्या योजना, वृद्धा पेंशन योजना पर भी प्रकाश डाला। रूबी सिरोही जी ने कहा कि महिला कल्याण विभाग का 15100 तथा वन स्टॉप सेंटर 181 टोल फ्री नंबर है जिस पर किसी भी समय संपर्क स्थापित किया जा सकता है। 22 फरवरी 2026 को मेगा/बृहद विधिक सहायता सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भोजन के पश्चात सभी स्वयंसेविओं ने अपनी पसंद के खेल खेले । उसके बाद शिविरसमाप्ति की घोषणा की गई।


बाल विवाह
मुक्त भारत


Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India



ए.के.पी. डिग्री कॉलिज, खुर्जा
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India



मुक्त भारत
Google
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.235772° Long 77.854718°
Friday, 20/02/2026 12:29 PM GMT +05:30

# चतुर्थ दिवस

21/2/2026

आज दिनांक 21/ 2/ 2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के चतुर्थ दिवस की थीम "महिला स्वास्थ्य" रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता सिंह के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण बालिकाओं ने भी बढ़चढ कर का हिस्सा लिया। तृतीय सत्र में जिला अस्पताल से पहुंची टीम ने ग्रामीण महिलाओं, बालिकाओं एवं स्वयं सेविकाओं के खून की जांच जिसमें हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप ,टीवी ,एड्स आदि जांचें सम्मिलित रही। लगभग 50 महिला व बालिकाओं की खून की जांच की गई।इस अवसर पर श्रीमती कृष्णा (काउंसलर जिला महिला अस्पताल) ने कहा कि किसी भी रोग की जागरूकता ही बचाव है। अतः हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति बहुत सजग और जागरूक रहना होगा। महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि महिलाएं अपने दिन प्रतिदिन के कार्यों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि वह अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देती । जबकि परिवार की महिला स्वस्थ होगी तभी परिवार और समाज स्वस्थ होगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता सिंह ने कहा कि महिलाएं सबसे कम प्राथमिकता अपने स्वास्थ्य को देती है। तथा महावारी के समय पौष्टिक आहार तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। और यदि किसी मानसिक तनाव या उलझन में हो तो उसको भी अपने प्रियजन से साझा करना चाहिए। हमें अपने शारीरिक/मानसिक स्वास्थ्य के प्रति चुप्पी तोड़नी होगी। महिला स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर स्वयं सेविकाओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हिमशिखा ने प्रथम , भावना ने द्वितीय तथा खुशी सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णयाक की भूमिका श्रीमती कृष्णा, श्रीमती पूनम ने निभाई। मेहंदी प्रतियोगिता में छवि प्रथम तथा जिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गांव की कुमारी चंचल ने प्रथम, तनु ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान भावना ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी ग्रामीण वासी उपस्थित रहें। शिविर के अंतिम चरण में सभी ने विभिन्न पारंपरिक खेल खेले। नशरा, आशी, ऐश्वर्या, निशा, लक्ष्मी, मंशा, इंशा खान तथा रविंद्र का विशेष सहयोग रहा तत्पश्चात शिविर का समापन किया गया।


Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, In
Lat 28.235169° Long 77.855232°
Saturday, 21/02/2026 02:26 PM GMT
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, In
Lat 28.235744° Long 77.854792°
Saturday, 21/02/2026 02:00 PM GMT
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, I
Lat 28.23574° Long 77.854837°
Saturday, 21/02/2026 02:06 PM GMT
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, In
Lat 28.23536° Long 77.855127°
Saturday, 21/02/2026 01:35 PM GMT
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, I
Lat 28.235106° Long 77.855222°
Saturday, 21/02/2026 02:19 PM GMT



एकेपी कालेज में पोस्टर और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

Forwarded



**राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में महिला स्वास्थ्य के तहत ...**

खुर्जा। ।भारत पुष्प। शनिवार को ...

bharatpushp.com

**राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में महिला स्वास्थ्य के तहत कराई गई जांच**

https://bharatpushp.com/archives/6604


# पंचम दिवस

22/2/2026

दिनांक: 22/2/26 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के विशेष शिविर का पंचम दिवस महिला स्वास्थ्य और खेलकूद की भूमिका पर आधारित रहा। लक्ष्य गीत ,आवाहन गीत और श्रमदान के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम स्वयं सेविकाओं ने योगाभ्यास किया। तत्पश्चात गांव के बालक, बालिकाओं एवं स्वयंसेविकाओं के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता सिंह के निर्देशन में आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता ,योग, शिक्षा, महान पुरुषों, देशभक्ति आदि मुद्दों पर सभी ने अपने विचार रखें। तृतीय सत्र में ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं के मध्य खेलकूद प्रतियोगिताएं जैसे म्यूजिकल चेयर, बैलून फोडो प्रतियोगिता, तथा 100 मीटर की दौड़ आयोजित की गई। जिसमें सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बैलून फोडो प्रतियोगिता में चंचल प्रथम तथा ममता द्वितीय स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अनीता पत्नी श्री .उदयराज एवं कुसुम पत्नी श्री राजकुमार द्वितीय स्थान पर रही। 100 मीटर की दौड़ में अनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर गीता सिंह ने कहा कि खेल हमारे शरीर के साथ साथ मन को भी स्वस्थ रखते हैं। तथा तनाव एवं चिंता से मुक्त रखने में खेलों की सार्थक भूमिका है। अतः मनोरंजन तथा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कभी-कभी खेलों के लिए भी समय निकालना चाहिए। तत्पश्चात सभी स्वयंसेविकाओं ने भोजन का आनंद लिया। "महिला स्वास्थ्य पर खेलों की भूमिका "विषय पर चतुर्थ सत्र में संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में एकेपी डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर रेखा चौधरी ने अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा की स्त्री में ही धारण करने की क्षमता है। वही इस सृष्टि की सृजनहार है ।अतः उसे परिवार का ख्याल रखते हुए अपना स्वास्थ्य भी उत्तम रखना होगा। उन्होंने सभी स्वयंसेविकाओं को शुभाशीष प्रदान किया। छठे दिवस की पूर्व योजना बनाते हुए शिविर समाप्ति की घोषणा की गई


Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.235091° Long 77.855205°




Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.235091° Long 77.855205°

15


Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.235091° Long 77.855205°


Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India


Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131,
Lat 28.235091° Long 77.855205°
Sunday, 22/02/2026 12:19 PM GMT

23/12/2024 दैनिक जागरण

# 100 मीटर दौड़ में अनीता ने बाजी मारी



एनएसएस शिविर में महिलाओं को उपहार देता प्रोफेसर गीता● सौ. स्वयं


संवाद सहयोगी, जागरण ●खुर्जाः एकेपी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन रविवार को महिला स्वास्थ्य और खेलकूद के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर महिलाओं और स्वयं सेविकाओं के बीच विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

शिविर का आरंभ लक्ष्य गीत, आह्वान गीत और श्रमदान के साथ हुआ। पहले सत्र में स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास कर निरोगी रहने का संकल्प लिया। इसके पश्चात, कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता सिंह के निर्देशन में आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेविकाओं और ग्रामीणों ने स्वच्छता, योग, शिक्षा और देशभक्ति जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीसरे सत्र में ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सेविकाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बैलून फोड़ो में चंचल ने प्रथम और ममता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में अनीता और कुसुम ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि 100 मीटर दौड़ में अनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर रेखा चौधरी ने कहा कि स्त्री सृष्टि की सृजनहार है, इसलिए उसे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। डा. गीता सिंह ने खेलों के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला।

52

छठा दिवस
23/2/2026

दिनांक 23/2/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के विशेष शिविर के छठे दिवस की थीम "महिला उद्यमिता" रही। जिससे संबंधित स्वयं सेविका हिमशिखा और खुशबू ने रंगोली बनाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर गीता सिंह के नेतृत्व में दैनिक अभ्यास जैसे लक्ष्य गीत, आवाहन गीत एवं श्रमदान गतिविधि के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। द्वितीय सत्र में खाद्य एवं फल संरक्षण विभाग बुलंदशहर के श्री प्रवेंद्र कुमार चौधरी कैंप में पहुंचे। जिन्होंने खाद्य एवं फल संरक्षण से संबंधित विभिन्न रोजगारों एवं सरकारी अनुदानों पर प्रकाश डाला। जिसकी सहायता से कोई भी महिला या पुरुष लघु उद्योग इकाई स्थापित कर सकता है। जिसके लिए लोन का भी प्रावधान है लेकिन उसके लिए सिविल सही होनी चाहिए। इसके लिए सर्वप्रथम उधम मैं रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होता है। इसके बाद उन्होंने जैम, जेली ,अचार मुरब्बा, पापड़ बनाने की विधियां भी बताई ,उन्हें संरक्षित रखने के तरीके भी बताएं। स्वयंसेविकाओं तथा ग्रामीण महिलाओं ने स्वरोजगार स्थापित करने हेतु विभिन्न प्रकार की जानकारियां भी ली। भोजन के उपरांत तृतीय सत्र में बीमा क्षेत्र में "रोजगार की संभावना "विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसके तहत खुर्जा ब्रांच के डा. एन सी प्रजापति, एवं एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की बीमा सखी कुमारी रूशाली ने अपना वक्तव्य दिया। जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी , के लक्ष्य पर एलआईसी बीमा योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बीमा के महत्व को समझाया। कैंप में उपस्थित विभिन्न स्वयंसेविकाओं ने बीमा सखी बनने में रुचि दिखाई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डिंपल विज ने कहा कि महिला घर ,खेत ,खलियान तथा उद्योगों में कार्य तो बहुत करती है लेकिन विकास में उसके योगदान को महत्व नहीं मिल पाता। अतः स्वरोजगार उसके लिए एक अच्छा विकल्प है।कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता सिंह ने कहा कि महिला रोजगार से न केवल एक परिवार की तरक्की होती है बल्कि समाज और देश भी उन्नत बनता है। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण बच्चों के साथ मिलकर पोशांपा तथा खो खो खेल खेल।दिनांक 24 फरवरी 2026 को होने वाले समापन समारोह की तैयारीयों के साथ शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर रविंद्र जी का बहुत सहयोग रहा।


Kila, Uttar Pradesh, I
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20
Lat 28.235091° Long 77.855205
Monday, 23/02/2026 10:20 AM


GPS Map Camera
Google
Kila, Uttar Pradesh, India
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.235091° Long 77.855205°
Monday, 23/02/2026 12:30 PM GMT +05:30


Kila, Uttar Pradesh, I
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20
Lat 28.235091° Long 77.855205
Monday, 23/02/2026 12:24 PM


GPS Camera, Map & Timestamp
6VP3+CR6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India


GPS Camera, Map & Timestamp
6VP3+CR6, Kila, Uttar Pradesh 203131, India


Kila, Uttar Pradesh,
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20
Lat 28.235091° Long 77.855205
Monday, 23/02/2026 12:04 PM





स्वरोजगार से ही सशक्त बनेगी नारी

दैनिक जागरण
Page No-02
24/02/2026



खाद्य एवं फल संरक्षण से संबंधित विभिन्न रोजगारों ए...

खुर्जा। ।भारत पुष्प। सोमवार को ...

bharatpushp.com

**खाद्य एवं फल संरक्षण से संबंधित विभिन्न रोजगारों एवं सरकारी अनुदानों की दी जानकारी**

https://bharatpushp.com/archives/6620

**Like, Share & Subscribe**

10:25 pm

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

**स्वयं से पहले आप**

ए० के० पी० डिग्री कालेज
खुरजा
SINCE 1986

# आमंत्रण पत्र

## एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह

हर्ष का विषय है कि ए. के. पी. (डिग्री) कॉलेज, खुर्जा, उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह दिनांक 24/02/2026 को ग्राम किला, खुर्जा में आयोजित किया जा रहा है।

आप सभी से विनम्र निवेदन है कि शिविर के कार्यक्रमों में उपस्थित होकर स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन कर हमें अनुग्रहित करें।

**समय: प्रातः 11:00 बजे   कार्यक्रम स्थल: ग्राम किला, खुर्जा**



प्रो डिंपल विज
प्रचार्य / संरक्षिका ए.के.पी डिग्री कॉलेज


डॉ गीता सिंह
कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई एनएसएस


**निवेदक:डॉ. गीता सिंह कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई**

दिनांक: 24/2/2026
सप्तम दिवस


दिनांक 24/2/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रातः 9:00 बजे सभी स्वयं सेविकाओ ने शिविर स्थल पर पहुंचकर उसे साफ सफाई करके रंगोली, गुब्बारे तथा पैंटिंग्स से सजाया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डिंपल विज, ग्राम प्रधान किला मेवई श्री अमरजीत सिंह, WPA की श्रीमती वर्षा, श्रीमती सारिका, प्राथमिक विद्यालय की प्रिंसिपल लक्ष्मी गुप्ता, पूर्व प्रधान श्री किशन स्वरूप तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर गीता सिंह मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के सम्मुख माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम ग्रामीण बालक एवं बालिकाओं ने योग प्रस्तुत किया। छोटी छोटी नन्ही बच्चियों ने बेटी बड़ी अनमोल गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने महिला सशक्तिकरण पर नाटिका प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को भावुक कर दिया। गांव के शिवानी, मानवी ,शिवानी शर्मा और कान्हा ने माइसेल्फ इंट्रोडक्शन प्रस्तुत किया। नारी सुरक्षा पर मूक अभिनय के द्वारा सभी को भावुक कर दिया।कार्यक्रम में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य जी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाने का अवसर मिलता है। वूमेन पावर एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा अग्रवाल जी ने कहा कि ग्रामीण बालक एवं बालिकाओं में असीम प्रतिभा है । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों द्वारा प्रतिभाओं को निखारा जा सकता है।इस अवसर पर सभी स्वयंसेविकाओं को उनके कार्यों के लिए मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय, एवं तृतीय स्थान पानी वाली हिमशिखा भावना एवं खुशबू को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में छवि एवं जिया को भी ट्रॉफी प्रदान की गई। किला गांव के उभरते कलाकार अमन द्वारा प्राचार्या जी का चित्र बनाकर भेंट किया गया। आशी ऐश्वर्या ,प्रतिष्ठा,सोनिया, डोली, सना, नीतू, कोमल, शीतल रविंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा। मौके पर सभी ग्रामीण महिलाएं /बालिकाएं और वृद्ध जन उपस्थित रहे। सात दिवसीय विशेष कैंप की रिपोर्ट स्वयंसेविका सना तथा इंशा खान द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सिंह द्वारा सभी अतिथियों, ग्रामवासियों, तथा स्वयं सेविकाओं का धन्यवाद ज्ञापन दिया गया, जिनके सहयोग से सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



Kila, Uttar Pradesh, Indi
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131
Lat 28.235828° Long 77.854725°
Tuesday, 24/02/2026 01:38 PM GMT




Kila, Uttar Pradesh, Indi
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20313
Lat 28.235106° Long 77.855223°
Tuesday, 24/02/2026 10:43 AM GMT


Kila, Uttar Pradesh, Indi
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 203131
Lat 28.235654° Long 77.854803°
Tuesday, 24/02/2026 10:05 AM GMT


Kila, Uttar Pradesh, Ind
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20313
Lat 28.235492° Long 77.854915°
Tuesday, 24/02/2026 10:15 AM GMT


Kila, Uttar Pradesh, Ind
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20313
Lat 28.235778° Long 77.854792°
Tuesday, 24/02/2026 12:15 PM GMT


Kila, Uttar Pradesh, Ind
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20313
Lat 28.235872° Long 77.85494°
Tuesday, 24/02/2026 11:51 AM GMT


Kila, Uttar Pradesh
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh
Lat 28.235795° Long 77.8547
Tuesday, 24/02/2026 12:08 P


Kila, Uttar Pradesh, India
Google


Kila, Uttar Pradesh, Ind
6vp3+cr6, Kila, Uttar Pradesh 20313
Lat 28.23589° Long 77.85477°
Tuesday, 24/02/2026 11:44 AM GMT

# एकेपी डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर संपन्न

## छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण और नारी सुरक्षा पर दी भावुक प्रस्तुतियां, मेडल पाकर खिले चेहरे

भारतीय सहारा





खुर्जा (सचिन पाण्डेय)। एकेपी पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की द्वितीय इकाई द्वारा ग्राम किला मेवई में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डिंपल विज, ग्राम प्रधान अमरजीत सिंह, डब्ल्यूपीए से वर्षा व सारिका, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी गुप्ता, पूर्व प्रधान किशन स्वरूप और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सिंह ने माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम समारोह की शुरुआत ग्रामीण बच्चों द्वारा योग प्रदर्शन और 'बेटी बड़ी अनमोल' गीत पर नन्ही बालिकाओं के मनमोहक नृत्य से हुई। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने महिला

और कान्हा ने भी आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। प्राचार्या प्रो. डिंपल विज ने स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करने का बेहतरीन मंच है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को

बाजी मारी। विशेष आकर्षण गांव के उभरते कलाकार अमन ने प्राचार्या जी का हस्तनिर्मित चित्र भेंट कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशी, ऐश्वर्या, प्रतिष्ठा, सोनिया, डोली, सना, नीतू, कोमल, शीतल और रविंद्र का विशेष योगदान रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं,

---

## शिविर में स्वयं सेविकाओं को किया सम्मानित



दैनिक जागरण
Page no - 2
25/02/2026

---

## एनएसएस शिविर का समापन

खुर्जा। ...

हिन्दुस्तान
Page No - 03
25/02/2026

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

IVth एक दिवसीय शिविर

दिनांक 8 मार्च 2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के द्वारा गांव किला मेवई  में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया महिला दिवस की थीम अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्यवाही पर केंद्रित है अर्थात यदि किसी महिला या बालिका के साथ दुर्व्यवहार होता है तो अधिकार और न्याय कार्यवाही करना प्राथमिकता होनी चाहिए प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को महिला की सामाजिक आर्थिक संस्कृति राजनीतिक उपलब्धियां पर जश्न साथ ही महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बढ़ाने के लिए क्या जाता है इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गांव किला की महिला एवं बालिकाओं के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया

इसमें उनके सामाजिक न्यायिक अधिकारों व सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। उर्मिला सिंह ने कहा कि समय के साथ विचारों में भी परिवर्तन लाना जरूरी है ताकि नई पीढ़ी के साथ समायोजन स्थापित हो सके कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता सिंह ने कहा कि महिलाओं की तरक्की से ही किसी समाज  की उन्नति है। मंतशा, ईशा,निशा, संजना, नैना ,करिश्मा आदि ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर सभी ग्रामीण महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं।

ग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बुलंदशहर दीप्ति मित्तल ने मुख्यमंत्री

रूबिका सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

तथा संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने की। आज सभा को

# एकेपी डिग्री कॉलेज के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

बरनदूत संवाददाता।

खुर्जा। ए.के.पी. डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा गांव किला मेवई में अंतर्राष्ट्रीय



महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, न्याय और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में बताया गया कि इस वर्ष महिला दिवस की थीम अधिकार और न्याय के साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्यवाही पर केंद्रित है।

इस दौरान उर्मिला सिंह ने कहा कि बदलते समय के साथ विचारों में परिवर्तन लाना भी जरूरी है, ताकि नई पीढ़ी के साथ बेहतर समायोजन स्थापित किया जा सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सिंह ने कहा कि महिलाओं की तरक्की से ही किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति संभव है।

संगोष्ठी में मंतशा, ईशा, निशा, संजना, नैना और करिश्मा ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं मौजूद रहीं और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।


## सिंग, लॉजिस्टिक होंगी स्थापित

नए अवसर सृजित होंगे।

वहीं, किसानों के लिए भी यह सौदा मुनाफे वाला साबित हो सकता है। सर्किल रेट से कई गुना अधिक मुआवजे के साथ-साथ, एक्सप्रेसवे के किनारे की जमीन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी। वर्तमान में बुलंदशहर से जेवर एयरपोर्ट जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है और संकरी सड़कों के कारण समय भी अधिक लगता है।

ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेसवे बनने के बाद यह दूरी सिमट जाएगी। यह एक्सप्रेसवे पूरी तरह से एक्सेस कंट्रोल्ड होगा, जिससे वाहन फर्राटा

## गैस कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के




## राष्ट्रीय सेवा योजना का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

खुर्जा। ।भारत पुष्प। रविवार को एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के द्वारा गांव किला मेवई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। महिला दिवस की थीम अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्यवाही पर केंद्रित है अर्थात यदि कि...


bharatpushp.com


**राष्ट्रीय सेवा योजना का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**

https://bharatpushp.com


GPS Map Camera
Bulandshahr, Uttar Pradesh, India
Cr6w+wmh, Shikar Pur Colony, Devpuri-ii, Bulandshahr,
Uttar Pradesh 203001, India
Lat 28.411807° Long 77.847575°
Sunday, 08/03/2026 11:38 AM GMT +05:30
Google






Bulandshahr, Uttar Pradesh, India
Cr6w+wmh, Shikar Pur Colony, Devpuri-ii, Bulandshahr,
Uttar Pradesh 203001, India
Lat 28.411807° Long 77.847575°
Sunday, 08/03/2026 11:03 AM GMT +05:30
Google